हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

13 नगर के कांटा तालाब में बनेगा आधुनिक चौपाटी जलभराव व ...



14 दुर्लभ शुभ संयोग के साथ शुरू हो रहा सावन मास



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9

# जिले के 200 स्कूलों में बनेंगे बालिका शौचालय, किचन शेड व मल्टी स्पोर्ट्स सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। वीबीजी रामजी योजना (विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी अंतर्गत जिले के विभिन्न स्कूलों में अधोसंरचना विकास के व्यापक कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना के तहत लगभग 200 बालिका शौचालयों का निर्माण, किचन शेड, मल्टी स्पोर्ट्स सुविधाओं का विकास तथा अन्य आवश्यक निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों से

## वीबी जी-राम-जी योजना से धमतरी के स्कूलों में अधोसंरचना विकास को मिलेगी नई गति




### शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होती

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना, स्वच्छ परिसर, सुरक्षित वातावरण और खेल सुविधाएं भी विद्यार्थियों के समग्र विकास में समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक विद्यालय में ऐसी आधारभूत सुविधाएं विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिले तथा उनकी नियमित उपस्थिति और सीखने की गुणवत्ता में वृद्धि हो।

विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध होगा।

जिपं सीईओ जयंत नाहटा ने बताया कि योजना अंतर्गत विद्यालयों की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर विभिन्न अधोसंरचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। बालिका शौचालयों के निर्माण से छात्राओं की गरिमा, सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की बेहतर पूर्ति होगी। बेहतर अधोसंरचना से न केवल विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि विद्यालयों में नामांकन, नियमित उपस्थिति तथा ड्रॉप आउट दर में कमी लाने में भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

## खबर संक्षेप

### चित्रोत्पला महानदी की महाआरती आज

**नगरी।** महानदी सेवा संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आज शाम 6 बजे गंगा चित्रोत्पला महानदी मैया की महाआरती की जायेगी। संस्थान के सदस्यों ने धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार पवन साहू पिता संतोष उम्र 45 वर्ष ग्राम दुपचेरा थाना गुरूर निवासी धमतरी के ग्राम सोरम में स्थित एफसीआई गोदाम में हमाली का काम करता था। अधेड़ सोमवार की सुबह काम करने सोरम गया था जहां से शाम को घर लौट गया। घर जाकर अधेड़ ने उल्टी कर परिजनों को जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। परिजन संजीवनी 108 की मदद से अधेड़ को तत्काल उपचार के लिये गुरूर अस्पताल ले गये। जहां से रिफर करने पर अधेड़ को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान सोमवार की देर रात्रि अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। अधेड़ द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नगरी।** नगरी विकासखंड के अंतिम छोर स्थित ग्राम पंचायत आमगांव में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया। सरपंच ने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस अवसर पर सरपंच कमितला ध्रुव, रोजगार सहायक रोशन लाल प्रधान, शिक्षक राजेंद्र खत्री, घनानंद साहू, शैलेन्द्र गौर, कैलाश सलाम, उत्तम ध्रुव सहित ग्राम पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सहकारी समितियों में सिर्फ ऋणी किसानों को खाद वितरित, अऋणी किसानों को भाव नहीं

# खाद के लिए जबरदस्ती कर्जदार बन रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सहकारी समितियों से सिर्फ ऋण लेने वाले किसानों को ही खाद दी जा रही है। नकद में खाद वितरण यहां सालों से बंद है। उधर अऋणी किसान मजबूरी में खुले मार्केट से खाद लेने को मजबूर हैं। खाद की किल्लत बताकर खुले मार्केट में किसानों से अधिक दाम वसूला जा रहा है।

धान की बोनी का काम समाप्त हो गया है। अब किसानों को आगे की खेती के लिए खाद की जरूरत है। जिले में खाद का सबसे ज्यादा वितरण सहकारी समितियों द्वारा किया जाता है, जिसके चलते किसान उम्मीद में इन सहकारी समितियों में खाद खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां पर सिर्फ ऋण लेने वाले किसानों को ही ऋण के रूप में खाद का वितरण किया जा रहा है। नकद में किसानों को खाद का विक्रय नहीं किया जा रहा है। इसके चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है।



### किसानों में नाराजगी

एक समय था जब सभी किसानों को सहकारी समितियों से खाद दी जाती थी, लेकिन बाद में व्यवस्था बदलकर सिर्फ कर्जदार किसानों को खाद देना शुरू कर दिया गया। व्यवस्था में इस परिवर्तन को लेकर कोई लिखित आदेश नहीं है, सिर्फ मौखिक आदेश पर ही सिर्फ ऋणी किसानों को खाद दी जा रही है। इस व्यवस्था को लेकर किसानों में नाराजगी है। किसानों ने बताया कि खाद के चक्कर में उन्हें जबरदस्ती ऋणी बनना पड़ रहा है।

### खाद मिलना बंद

किसान ओंकार पटेल, कैलाश साहू ने बताया कि वे सालों से सहकारी समिति से जुड़े हुए हैं, पहले ऋण लेते थे, लेकिन अब ऋण लेने की आवश्यकता नहीं है। पहले ऋण लेने पर उन्हें खाद मिल जाती थी , अब जब से ऋण लेना बंद किया है, सहकारी समिति से उन्हें खाद मिलना भी बंद हो गया है। उन्हें मार्केट से महंगे दाम में खाद खरीदनी पड़ रही है।

### ऋण लेना किसानों की मजबूरी

सहकारी समितियों में नकद भुगतान कर खाद खरीदने पहुंचे किसानों को खाद देने से इनकार किया जा रहा है। इस व्यवस्था से किसानों में नाराजगी है, लेकिन खेती को आगे बढ़ाना भी जरूरी है। कृषि केंद्रों में खाद महंगी मिल रही है, साथ ही क्वालिटी को लेकर भी संशय रहता है। ऐसे में किसान मजबूरी होकर सहकारी समितिया ऋण ले रहे हैं। ऋण के रुप में उन्हें नकद राशि दी जा रही है, साथ ही खाद भी ऋण के रूप में दी जा रही है।

### 68 हजार किसानों ने लिया ऋण

जिला सहकारी बैंक से अब तक 68 हजार 202 किसानों ने ऋण लिया है। इन किसानों को कुल 315 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया है। इसमें से 264 करोड़ रुपए नकद है। बाकी 51 करोड़ 61 लाख 40 हजार रुपए की सामग्री ऋण के रुप में दी गई है। इसमें 29 हजार 26 टन खाद भी शामिल है। ऋण लेने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित है। अभी ऋण लेने के लिए दो माह का समय और शेष है। समितियों में खाद का स्टॉक भी पर्याप्त है। ऐसे में ऋण लेने वाले किसानों की संख्या और बढ़ेगी।

## सावधान, फिर हो सकती है भारी बारिश

- मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में मानसूनी बारिश का दौर जारी है। मंगलवार को भी मौसम विभाग ने बारिश को लेकर 48 घंटे का अलर्ट जारी किया है। धमतरी सहित प्रदेश के कई जिलों में अच्छी बारिश होने की संभावना जताई है। सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई है।

मानसूनी सिस्टम सक्रिय होने से जिले में सोमवार से बारिश का दौर जारी है। सोमवार को पूरे जिले में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। नगरी तहसील में सबसे ज्यादा 82.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बेलरगांव तहसील में 55 मिमी, धमतरी तहसील में 42 मिमी, कुरूद में 40, मगरलोड में 30.6, कुकरेल में 20 और भखारा तहसील में 14.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक जिले में 92.2 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। उधर मंगलवार को भी मौसम विभाग ने प्रदेश के 10 से ज्यादा जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश अगले 24 से 48 घंटे में हो सकती है। मौसम विभाग ने रेड, ऑरेंज और येलो वार्निंग जारी करते हुए जिला प्रशासन और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने की अपील की गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान सारंगढ़-बिलाईगढ़, सरायपाली (महासमुंद), गरियाबंद और बलौदाबाजार जिले के कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी वर्षा होने की संभावना है। बिलासपुर, सक्ती, जांजगीर-चांपा और रायपुर जिलों में भी भारी बारिश की संभावना जताई है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा, धमतरी, दुर्ग, बलौदाबाजार, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा और कांकेर जिले में भी अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

# सोलर हाईमास्ट से जगमगाएगा निरई माता मंदिर परिसर

- अब रात्रि में श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के धार्मिक एवं आस्था स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ग्राम निरई स्थित आराध्य केंद्र निरई माता मंदिर परिसर में सोलर हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य पूर्ण हो गया है। इससे मंदिर परिसर रात्रिकाल में भी पूरी तरह प्रकाशमान रहेगा और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा।



उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने पूर्व में निरई माता आराध्य केंद्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर के समग्र विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार तथा आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई, जिसके तहत सोलर हाईमास्ट लाइट की स्थापना को प्रमुखता से शामिल किया गया।

सोलर ऊर्जा आधारित इस हाईमास्ट लाइट से मंदिर परिसर में रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होगी। इससे धार्मिक आयोजनों, पूजा-अर्चना तथा विशेष अवसरों पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। साथ ही स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलने के साथ बिजली की बचत भी सुनिश्चित होगी।

स्थानीय ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने इस कार्य के पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया है। उनका कहना है कि लंबे समय से मंदिर परिसर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है।

जिला प्रशासन का उद्देश्य जिले के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन महत्व के स्थलों पर आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का निरंतर विस्तार करना है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध हों और ऐसे स्थल स्थानीय पर्यटन तथा सांस्कृतिक विरासत के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित हो सकें। निरई माता आराध्य केंद्र में सोलर हाई मास्ट लाइट की स्थापना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मजदूरों ने की ठेकेदार की पिटाई

**धमतरी।** काम से निकाल देने की बात पर मजदूरों ने अपनी बकाया मजदूरी लेने के बाद ठेकेदार को सरेराह पीट-पीटकर घायल कर दिया।

- काम से निकालने की बात पर हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार इंजामुल अली पिता हलाउद्दीन उम्र 22 वर्ष मूल रूप से वेस्ट बंगाल का रहने वाला है। वह वर्तमान में ग्राम सियादेही में स्थित राइस मिल अमित इंटरप्राइजेस में मशीन आपरेटर का काम करते हुए मिल परिसर में बने क्वार्टर में रहता था। युवक मशीन आपरेटर के साथ-साथ मजदूर ठेकेदार का काम करता है। बीते दिनों इंजामुल अन्य कर्मचारियों के साथ खाना बनाने के लिये मिल की पिकअप में जलाऊ लकड़ी लाया था जिसे अन्य मजदूरों के साथ संदीप राजभट्ट को खाली करने के लिये कहा। जिस पर संदीप ने मना कर मिल में काम नहीं करने की बात कहते हुए हिसाब करने के लिये बोला। इंजामुल संदीप व उसके साथी विपिन राजभट्ट, विक्की एवं आलोक सभी यूपी निवासी की मजदूरी का हिसाब बना मिल मालिक के पास धमतरी में पैसों के लिए आ गया। इधर चारों भी धमतरी से जाने के लिये बस स्टैण्ड पहुंच गये। इंजामुल अपने चचेरे भाई अबीबुल रहमान के साथ मिल मालिक से 1 लाख रूपये लेकर बस स्टैण्ड पहुंच उनकी मजदूरी 55 हजार का चुकारा कर वापस सियादेही जाने निकल रहा था। इसी दौरान संदीप का भाई संपत राजभट्ट रायपुर निवासी धमतरी पहुंचा और उसका रास्ता रोककर गाली गलौज करने लगा। संदीप व विपिन सहित तीनों ने मिलकर इंजामुल से मारपीट की। इसी दौरान विपिन राजभट्ट ने अपने हाथ में पहने लोहे के कड़े से चेहरे व सिर पर हमला कर घायल कर दिया। बीच बचाव कर रहे चचेरे भाई के साथ भी तीनों ने मारपीट की। पीड़ित इंजामुल की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी संपत कुमार राजभट्ट, विपिन राजभट्ट व संदीप राजभट्ट के खिलाफ धारा 115-2, 126-2, 296, 3-5, 351-2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# जनसमस्याओं के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिलेभर से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनदर्शन में मिले प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर समय-सीमा में पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी तरह की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनदर्शन में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, मजदूरी भुगतान, शिक्षा, अतिक्रमण और राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपे। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक मामले की तथ्यात्मक जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति भाठागांव के अध्यक्ष विजेन्द्र कुमार ने शासकीय

## जनदर्शन में सुनीं आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



माध्यमिक विद्यालय भाठागांव में अतिरिक्त शिक्षकों की मांग रखी। ग्राम सांकरा की अमरिका साहू ने दिव्यांगता के चलते स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। कोरमुड़पारा सांकरा की शकुन ध्रुव ने अपने पति दुर्देश ध्रुव की विद्युत करंट की चपेट में आने से मृत्यु होने का उल्लेख करते हुए मुआवजा राशि दिलाने का आग्रह किया। नगरपालिक निगम धमतरी के श्रमिकों ने लंबित पारिश्रमिक भुगतान की समस्या कलेक्टर के समक्ष रखी।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार शीघ्र राहत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को समय पर समाधान उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## घनी घास के बीच छिपकर बिताता है अधिकांश समय

# बारिश के साथ खेतों में दिखी दुर्लभ वाटरकॉक की चहलकदमी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानसून की दस्तक के साथ धान के खेतों और दलदली क्षेत्रों में एक बार फिर दुर्लभ पक्षी वाटरकॉक (गेलिक्रैक्स सिनेरिया) की मौजूदगी दर्ज होने लगी है। स्थानीय भाषा में कपकपिया के नाम से पहचाना जाने वाला यह शर्मीला पक्षी अपनी अनोखी आवाज और छिपकर रहने की आदत के कारण पक्षी प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रजनन काल के दौरान इसकी सक्रियता बढ़ने से प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव फोटोग्राफरों में उत्साह देखा जा रहा है।

वाटरकॉक को देख पाना आसान नहीं होता। यह पक्षी सामान्यतः धान के खेतों, दलदली क्षेत्रों और घनी घास के बीच छिपकर रहता है तथा खुले स्थानों पर बहुत कम दिखाई देता है। इसी कारण इसकी एक झलक पाने या कैमरे में कैद करने के लिए पक्षी प्रेमियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। हाल ही में धमतरी के क्षेत्र के धान के खेतों में इस दुर्लभ पक्षी की तस्वीर कैमरे मे कैद की जा सकती है।

### सुबह-शाम सुनाई देती है आवाज

प्रजनन काल के दौरान नर वाटरकॉक की आवाज इसकी सबसे अलग पहचान मानी जाती है। इसकी ध्वनि पानी से भरी बोतल को उलटकर खाली करने जैसी सुनाई देती है, जिससे स्थानीय लोगों ने इसे कपकपिया नाम दिया है। सुबह और शाम के समय इसकी आवाज अधिक सुनाई देती है। नर पक्षी का काला-भूरा शरीर, पीली चोंच और सिर पर मांसल उभार इसे अन्य पक्षियों से अलग पहचान देते हैं।



### जैव विविधता का महत्वपूर्ण संकेतक है वाटरकॉक

वाटरकॉक मुख्य रूप से कीड़े-मकोड़े, छोटे घोंघे और मेंढकों को भोजन बनाता है। इसके लंबे पंजे कीचड़ और घास वाले क्षेत्रों में आसानी से चलने में मदद करते हैं। प्रजनन काल समाप्त होने के बाद यह फिर से सुरक्षित घास वाले इलाकों में छिप जाता है और इसकी आवाज भी लगभग बंद हो जाती है। यही वजह है कि वर्ष के अधिकांश समय यह पक्षी लोगों की नजरों से ओझल रहता है।

### प्राकृतिक संतुलन के लिए संरक्षण जरूरी

पक्षी विशेषज्ञ एवं प्राणी विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. सुशील त्रिवेदी के अनुसार वाटरकॉक भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, दक्षिण चीन, कोरिया, जापान, फिलीपींस और इंडोनेशिया के दलदली क्षेत्रों में पाया जाता है। धमतरी क्षेत्र में इसके प्रजनन की पुष्टि भी दर्ज की जा चुकी है। उनका कहना है कि इस पक्षी की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि क्षेत्र के खेत, जलस्त्रोत और प्राकृतिक आर्द्रभूमि आज भी समृद्ध जैव विविधता को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऐसे दुर्लभ पक्षियों का संरक्षण प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# आज आरएसएस मनाएगा गुरु पूर्णिमा उत्सव

- सहप्रांत प्रचारक नारायण नामदेव होंगे मुख्य वक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धमतरी नगर द्वारा इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा उत्सव, पूजन एवं समर्पण कार्यक्रम का आयोजन आज 29 जुलाई बुधवार को शाम 4:30 बजे मां विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन धमतरी में आयोजित किया गया है। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के सहप्रांत प्रचारक नारायण नामदेव होंगे। वे गुरु पूर्णिमा के महत्व, राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका तथा समर्पण की भावना पर अपने




विचार रखेंगे। आयोजकों ने सभी स्वयंसेवकों से गुरु पूजन एवं समर्पण कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है। जिन स्वयंसेवकों के पास गणवेश उपलब्ध है, वे गणवेश में तथा अन्य स्वयंसेवक श्वेत वेश में कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। स्वयंसेवकों से निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया गया है।

## खबर संक्षेप

### हाई स्कूल चटौद में हुआ वृक्षारोपण

**जीजामगांव।** शासकीय हाई स्कूल चटौद में सहायक संचालक कीर्ति साहू द्वारा शाला निरीक्षण किया गया। कक्षा 10वीं की छात्रों को शत प्रतिशत सफल होने के लिए मार्गदर्शन दिया तथा छात्र छात्राओं के साथ मिलकर शाला परिसर में वृक्षारोपण किया।

## निधन

### राधेश्याम ध्रुव



**नगरी।** ग्राम गोरेगांव निवासी राधेश्याम ध्रुव सेवानिवृत्त मलेरिया इंस्पेक्टर का निधन 25 जुलाई को हो गया। वे घनश्याम ध्रुव, मायाराम ध्रुव के भाई, वीरसिंह ध्रुव, बंशीलाल ध्रुव, तुलेश्वरी मंडावी, पदमावती ध्रुव, कुष्मावती ध्रुव, गायत्री ध्रुव, हेमलता गौतम के पिता हैं। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### सुभिया बाई साहू



**धमतरी।** ग्राम बारना निवासी सुभिया बाई साहू का 90 वर्ष की आयु में 27 जुलाई को निधन हो गया। वे पवन कुमार साहू व अरूण कुमार साहू की मां और यादित्य साहू व साहिल साहू की दादी थी। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन व परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

# सांप-सीढ़ी जैसे खेल से बच्चों को बताए उनके बाल अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी/धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के दो दिवसीय धमतरी प्रवास के तहत जिले से लगभग 85 किलोमीटर दूर ग्राम घठुला के शासकीय हाईस्कूल में मंगलवार को बाल चौपाल 2.0 का आयोजन किया गया। रिमझिम बारिश के बीच आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आयोग की अध्यक्ष से खुलकर संवाद किया और अपने विचार साझा किए।

बाल चौपाल में सांप-सीढ़ी सहित विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, शिक्षा का अधिकार, बाल सुरक्षा, डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग तथा अच्छी आदतों को अपनाने जैसे विषयों पर बच्चों को जानकारी दी गई।

दो दिवसीय प्रवास के तहत समझदार पालक सशक्त प्रदेश कार्यक्रम अंतर्गत बदलते परिवेश में बच्चों का बदलता व्यवहार विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित होगा। इसमें अभिभावकों, शिक्षकों और बाल संरक्षण विशेषज्ञों के साथ बच्चों के मानसिक, सामाजिक एवं व्यवहारिक बदलाव तथा सकारात्मक पालन-पोषण पर चर्चा की जाएगी।

### जागरूक और सुरक्षित बच्चे ही विकसित समाज की मजबूत नींव

इस अवसर पर डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि जागरूक और सुरक्षित बच्चे ही विकसित समाज की सबसे मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा या गलत व्यवहार के खिलाफ बच्चों को निडर होकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने सपनों को साकार करने तथा किसी भी समस्या की जानकारी माता-पिता, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की।

### रिमझिम बारिश के बीच घठुला में सजी बाल चौपाल



### आज होगी विभागीय समीक्षा बैठक

29 जुलाई को आयोग विभागीय समीक्षा बैठक करेगा। बैठक में जिला बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, विशेष किशोर पुलिस इकाई, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में जिले में संचालित बाल संरक्षण योजनाओं की प्रगति, चुनौतियों और विभागीय समन्वय की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

## प्रतिनिधिमंडल ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सीएम विष्णुदेव साय को सौंपा आवेदन

# नपं नगरी को नगरपालिका बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी को नगर पालिका का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं पार्षदों अश्विनी निषाद, शंकरदेव एवं राजा पवार के प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर मांग-पत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नगरी नगर पंचायत की आबादी लगभग 20 हजार तक पहुंच चुकी है। भौगोलिक दृष्टि से नगरी धमतरी, कांकेर एवं गरियाबंद जिला मुख्यालयों तथा ओडिशा सीमा के मध्य स्थित एक महत्वपूर्ण नगर है। क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या एवं भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए नगरी को नगर पालिका का दर्जा दिया जाना आवश्यक है।



### मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को किया आश्वस्त

उन्होंने कहा कि नगर पालिका बनने से आधुनिक बस स्टैंड, खेल मैदान, तालाबों का सौंदर्यीकरण, सड़क विकास सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा तथा नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि आवश्यक वैधानिक एवं प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नगरी को नगर पालिका का दर्जा देने की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नगर के अधोसंरचनात्मक विकास के लिए भी आवश्यक सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिया।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में नगरी के विकास को नई गति मिलेगी और नगर के सर्वांगीण विकास का नया अध्याय प्रारंभ होगा।

## अंचल की खबरें

### कुरुद के विद्यार्थियों ने गणित प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**कुरुद।** कुरुद के विद्यार्थियों ने रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़स्तरीय रीजनल प्रोडिजी मैथेमेटिक्स प्रतियोगिता-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुरुद का नाम प्रदेशभर में गौरवान्वित किया। 26 जुलाई को रोज़बे रिसॉर्ट रायपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुरुद के छात्र विराट चंद्राकर ने प्रथम रनर-अप तथा छात्रा तनिष्का ने तृतीय रनर-अप का स्थान हासिल किया। वहीं कुरुद सेंटर से शामिल सभी 24 विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए परफॉर्मर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की मानसिक गणना, एकाग्रता और गणितीय दक्षता को परखने का महत्वपूर्ण मंच है।

### पचपेड़ी में रोपे गए एक पेड़ मां के नाम



**कोर्रा(भखारा)।** इस अभियान में जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, सरपंच विनय साहू, उप सरपंच राकेश पटेल, पंच विशिष्ट साहू, टीकम साहू, भूपेंद्र साहू, पीयूष सार्वा, के.बी. पॉल आरएमए तामेश्वरी साहू, सीएचओ थानेश्वरी साहू, स्टॉप नर्स, डुमेश यादव आरएचओ एवं सरिता साहू कंप्यूटर आपरेटर आदि उपस्थित थे।

### पीपल का पौधा रोपा गया



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम भोथीपार के तालाब पार में पीपल पौधा का रोपण किया गया। मौके पर बीआर साहू सेवानिवृत्त तामेश्वरसिंह सेन, पंचायत सचिव कुर्रा बागतराई, बाबूलाल यादव, शत्रुघन पटेल, दयाराम पटेल समेत अन्य मौजूद थे।

# चर्रा के कुणाल को मिला यादव छात्र गौरव सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

■ नीट यूजी 2026 में सफलता मिलने पर रायपुर में हुए सम्मानित

छत्तीसगढ़ यादव शासकीय सेवक संघ एवं एकादशा उत्थान यादव कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 26 जुलाई को रायपुर के वृंदावन भवन (सिविल लाइन) में प्रांत स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नीट यूजी 2026 एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेशभर के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं यादव छात्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

समारोह में चर्रा निवासी कुणाल यादव कृष्णसखा परिवार को नीट यूजी 2026 में उत्कृष्ट सफलता के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं यादव छात्र गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों एवं समाजजनों ने हर्ष जताया है। मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश ताराचंद यदु थे।



अध्यक्षता समाजसेवी बिसराराम यादव ने की। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों, कलाकारों एवं समाजसेवियों का भी सम्मान किया गया। समिति ने समाज के उत्थान, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, नशामुक्ति एवं वृद्धजन सेवा जैसे विषयों पर अपने संकल्पों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृपाराम यादव, भवानी यादव, बाबूलाल यादव, दादू यादव, मुरारी यादव तथा अधिवक्ता प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# कोड़ापार में स्तुषि फाउण्डेशन ने चिकित्सा किट भेंट की

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

25 जुलाई को स्तुषि फाउण्डेशन की प्रबोधक श्रीमती सावित्री साहू शिक्षिका व उनके परिवार द्वारा समग्र स्वास्थ्य पर बच्चों के साथ संवाद किया गया व स्तुषि फाउण्डेशन की ओर से श्रीमती साहू, यादराम साहू ने संस्था को चिकित्सा किट भेंट किये व बच्चो को नाश्ता व फल वितरित किये।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक तत्वों को बारीकी से स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि मानव शरीर और जीवन का संयुक्त साकार रूप है। जहां शरीर को स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार, संतुलित निद्रा तथा संतुलित व्यायाम की जरूरत है वही संतुलित आचरण से मनः स्वस्थता होती है। मनः स्वस्थता के लिए हमें न्यायपूर्ण व्यवहार की समझ की जरूरत है, यह व्यवहार मानव के साथ परस्पर पूरकता के साथ प्रमाणित होती है। हमें सुखी होने के लिए सुविधाओं के साथ सम्मान, विश्वास, ममता, गौरव प्रेम जैसे मूल्यों को पहचान कर आत्मसात करने की जरूरत है। तभी हम समस्त संबंधों में तृप्ति पूर्वक जी पाएंगे जिससे समग्र स्वास्थ्य से परिपूर्ण मानव समाज का निर्माण होगा। प्राचार्य श्रीमती गौरीकांता साहू के मार्गदर्शन में पौधारोपण किया गया।



# इंदिरा आवासपारा में शिक्षा गुणवत्ता निगरानी समिति की बैठक आयोजित



**नगरी।** ग्राम पंचायत बेलरगांव के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 के संयुक्त तत्वावधान में आज इंदिरा आवास पारा में शिक्षा गुणवत्ता निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नारद साहू अध्यक्ष शाला समिति शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव, चमेली कश्यप उपाध्यक्ष, नंदनी साहू जनपद सदस्य नगरी, अजय नेताम वार्ड पंच ,शांति बाई मरकाम वार्ड पंच, मदनलाल कोसरिया सदस्य, मोहित निषाद निगरानी समिति सदस्य ,सुरेंद्र नेताम शिक्षक, मनीष देवांगन शिक्षक, देवेंद्र पटेल शिक्षक व जनप्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों, शिक्षकों एवं मोहल्ला वासियों ने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।

इस अवसर पर भगीराम साहू, छबीलाल नेताम अमरनाथ साहू, चंद्रशेखर यादव, अशोक मरकाम, संतोष प्रजापति, नारद निषाद, नरेंद्र मरकाम, सन्त सोरी, भुवनेश्वरी साहू, शिखर यादव, खेमिन बाई यादव, रामशिला नेताम, ललिता यादव, दशोद साहू आदि उपस्थित

## भेलवाकूदा में युवा मित्र संगठन ने लगाए 20 पौधे



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम भेलवाकूदा में युवा मित्र संगठन के सदस्यों ने विभिन्न जगहों पर पीपल, बरगद, नीम के पौधे लगाए। साथ ही गांव के सभी व्यक्ति को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर दयालु निषाद, उत्तम चंद्रवंशी, तरुण सोरी, डोमार निषाद, खम्हनलाल साहू समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# विधायक के अटल आवास निरीक्षण को लोनिवि अध्यक्ष ने अपनी निष्क्रियता को ढंकने का प्रयास बताया

■ आमदी से निकलकर प्रतिदिन शहर सहित अन्य क्षेत्र की जनता को विधायक दर्शन दें : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विधायक ओंकार साहू द्वारा पिछले दिनों विवेकानंद वार्ड स्थित अटल आवास में कांग्रेस के अन्य जिम्मेदार लोगों के साथ पहुंचकर किए गए निरीक्षण को नगर निगम के लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी ने आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा है कि विधायक का कार्यकाल लगभग 3 वर्ष होने को है लेकिन वे इस अवधि में कभी भी धमतरी की जनता के साथ रूबरू नहीं हुए। इसलिए अपने प्रति जन आक्रोश और अपनी निष्क्रियता को ढकने के लिए मात्र खाना पूर्ति करने हेतु समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के बीच पहुंचकर औपचारिकता निभा रहे हैं। यदि उनमें जरा भी नैतिकता है तो उनके पास खुद ही सरकार द्वारा प्रदत्त विधायक निधि की राशि की उपलब्धता है लेकिन इस ओर ध्यान न देकर मात्र हल्की राजनीति करते हुए अपने 3 वर्ष के निष्क्रियता को ढकने का प्रयास किया है जिसे जनता समझती है। श्री मोटवानी ने आगे कहा है कि अटल आवास सहित पूरे क्षेत्र की जनता जानती है कि भारतीय जनता पार्टी और उसके जनप्रतिनिधि ही आम जनता की बुनियादी आवश्यकता रोटी कपड़ा और मकान की व्यवस्था करती है और जिसके कारण ही आज ट्रिपल इंजन की सरकार को जनता ने जनादेश दिया है। एक्सीडेंटल विधायक के रूप में निर्वाचित होने के पश्चात आज तक उन्होंने कभी भी धमतरी शहर सहित अन्य क्षेत्र की सुध नहीं ली है काश! अपने गृह ग्राम आमदी से निकलकर पूरे विधानसभा क्षेत्र विशेष का शहर की इतनी बड़ी आबादी के मध्य सुगम रूप से उपलब्ध रहकर जनता का विश्वास अर्जित करते।

### अटल आवास की जनता को मिलेगी अति शीघ्र आवश्यक सुविधा

नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी अटल आवास में निवास करने वाले लोगों को बुनियादी सुविधा प्रदान करने के लिए नगर निगम की प्रतिबद्धता की बात विजय मोटवानी ने पुनः दोहराई है। उन्होंने आगे कहा है कि आगामी समय में सभी अटल आवास के रिपेयरिंग के साथ ही शासन की नई योजना एवं मनसा के अनुरूप नए आवासों की स्वीकृति प्रदान कराकर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई जाएगी।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग (04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

## बोराई थाना में सरपंचों, कोटवारों एवं ग्राम प्रमुखों की हुई बैठक

# टीआई ने साइबर सुरक्षा और कानून पालन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड अंतर्गत बोरई थाना परिसर में थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में क्षेत्र के सरपंचों, कोटवारों एवं ग्राम प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना, साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जनसहयोग सुनिश्चित करना रहा।

इस अवसर पर थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव ने कहा कि वर्तमान में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति के फोन कॉल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को दें।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कैलाश जैन, सरपंच माखनलाल सलाम, सुरेंद्र कुमार नेताम, राधाबाई नेताम, चैन सिंह, सियाराम मांडवी, गोधन सिंह सलाम समेत बोराई थाना स्टाफ, कोटवार एवं ग्राम प्रमुख उपस्थित थे।



### कानून का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि शराब, नशा एवं धूम्रपान जैसी बुरी आदतों से दूर रहना आवश्यक है। क्षेत्र में कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुलिस और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा अपराधों की रोकथाम में सभी के सहयोग की अपील की गई।

Pride of Dhamtari
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़

समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### बस्तर ब्लॉक के 7 स्कूलों में 325 बच्चों का नेत्र परीक्षण

**बस्तर।** कलेक्टर एवं सीएमएचओ के निर्देश पर जिले में संचालित नेत्र परीक्षण अभियान के तहत बस्तर ब्लॉक में सोमवार को बड़े पैमाने पर स्कूली बच्चों की आंखों की जांच की गई। बस्तर ब्लॉक बीएमओ डॉ. नारायण नाग के मार्गदर्शन में मुंडागांव सेक्टर अंतर्गत चेराकुर, गुमगा, कोलेबेडा सहित कुल 7 स्कूलों - हायर सेकेंडरी, हाईस्कूल एवं मिडिल स्कूलों में शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 325 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी अंधत्व निवारण डॉ. सरिता थॉमस की देखरेख में आयोजित इस शिविर में बच्चों की आंखों की विस्तृत जांच के साथ-साथ उन्हें आंखों की देखभाल, साफ-सफाई एवं सावधानी बरतने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। जांच के उपरांत जरूरतमंद बच्चों को दवाइयां वितरित की गईं। परीक्षण में 13 छात्रों में दृष्टि दोष पाए जाने पर उन्हें तुरंत नंबर वाले चश्मे निशुल्क प्रदान किए गए, ताकि पढ़ाई में उन्हें कोई दिक्कत न हो। इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी तिलक नाग एवं अमृत राव सहित संबंधित स्कूलों के प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

### सेना में बस्तर रेजिमेंट के गठन की पहल स्वागत योग्य

**गीदम।** भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट के गठन हेतु केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखे जाने तथा इस संबंध में रक्षा मंत्री द्वारा पत्र प्राप्त होने एवं विषय पर जांच विचार किए जाने की जानकारी का स्वागत किया है। उन्होंने ने कहा कि बस्तर के आदिवासी युवा सदैव अपनी वीरता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और अदम्य साहस के लिए जाने जाते रहे हैं। नक्सल विरोधी अभियानों से लेकर देश की सुरक्षा तक बस्तर के युवाओं ने अपने शौर्य का परिचय दिया है।

आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने किया शहर के प्रमुख स्थलों का औचक निरीक्षण

# नगर के कांटातालाब में बनेगी आधुनिक चौपाटी जलभराव व आवारा मवेशियों से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर पालिक निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित एवं नागरिक सुविधाओं से परिपूर्ण बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने मंगलवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा शहर के सौंदर्यीकरण, जल निकासी, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था एवं जनसुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत कांटातालाब से की गई, जहां वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया।



आयुक्त श्री वर्मा ने कार्यपालन अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस दौरान कांटातालाब को शहर के मुख्य मार्ग से बेहतर तरीके से जोड़ने की योजना पर भी चर्चा की गई। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसा विकास प्रस्ताव तैयार किया जाए, जिससे यहां एक वृहद एवं आधुनिक चौपाटी विकसित हो सके। इसके बाद आयुक्त ने जिला अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। वर्षा ऋतु में अस्पताल के समीपस्थ एरिया में होने वाले जलभराव को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल स्थायी समाधान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के समीप स्थित बैडमिंटन खेल मैदान का भी अवलोकन किया। मैदान में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि खेल मैदान युवाओं एवं खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण स्थान है, इसलिए यहां स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखना निगम की प्राथमिकता है।

इसके बाद आयुक्त अरुण कुमार वर्मा गौरव पथ एवं विंध्यवासिनी मंदिर मार्ग पहुंचे। यहां सड़क पर विचरण कर रहे आवारा मवेशियों को देखकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर मवेशियों को पकड़ने एवं उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। विंध्यवासिनी मंदिर परिसर के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र में सर्वोच्च स्तर की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री वर्मा ने कहा कि नगर पालिक निगम धमतरी शहर के सर्वांगीण विकास, नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा धमतरी को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित एवं आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। भ्रमण के दौरान उपायुक्त पीसी सार्वा व कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## द्वारका, सोमनाथ एवं नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के करेंगे दर्शन



- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना: 265 तीर्थयात्रियों का लॉटरी के माध्यम से होगा चयन
- कलेक्टोरेट में यात्रा की तैयारियों, चयन प्रक्रिया एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से 5 अगस्त से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाली द्वारका, सोमनाथ एवं नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तीर्थ यात्रा के लिए 265 तीर्थ यात्रियों (अनुरक्षित श्रेणी सहित) का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई, जिसमें यात्रा की तैयारियों, चयन प्रक्रिया एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भाग लेकर योजना के सफल एवं पारदर्शी संचालन को लेकर अपने सुझाव दिए। बैठक में महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना वरिष्ठ नागरिकों एवं पात्र हितग्राहियों के लिए एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिलता है। उन्होंने चयन प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने तथा यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। बैठक में यात्रा से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि चयनित तीर्थ यात्रियों की यात्रा सुगम, सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## 46 गर्भवती माताओं का हुआ पुंसवन संस्कार



**धमतरी।** गायत्री परिवार के आओ गढ़ें संस्कार वान पीढ़ी अभियान के अंतर्गत कुरुद ब्लाक के जीजामगांव में 23, चिंवरी में 21 एवं 2 अन्य स्थानों पर पवित्र वेद मंत्रोच्चारण व तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ द्वारा 46 गर्भवती माताओं का सामूहिक पुंसवन संस्कार कराया गया। आचार्य ओमप्रकाश ने बताया कि आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाना है। गर्भवती माताओं को बताया जाता है कि आने वाला संतान ईश्वर का प्रतिनिधि होता है। उन्हें स्वस्थ, निरोग एवं सुंदर कैसे बनाएं। चरित्रवान एवं गुणवान कैसे बनाएं। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि पिछले छह महीने में जिले भर में लगभग 500 पुंसवन संस्कार कराया गया है। जिले का लक्ष्य वर्ष भर में 1000 पुंसवन संस्कार का है।

## पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स द्वारा चार्टर्ड प्रेसिडेंट लायन सीए अजय पारेख (25 जुलाई) एवं मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन कामिनी कौशिक (28 जुलाई) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 27 जुलाई को इंडेन गैस एजेंसी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन शकुंतला साहू एवं क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एमजेएफ लायन, मनोज सोनी ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की सुरक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। कार्यक्रम में



कोषाध्यक्ष लायन अंजुला सोनी, कामिनी कौशिक, सर्विस चेयरपर्सन डॉ. सरिता दोशी, सहसचिव लायन पूजा साहू, सह कोषाध्यक्ष लायन धनवती किरी, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एमजेएफ लायन मनोज सोनी, पूर्व अध्यक्षगण लायन भूपेश शाह, लायन अजय पारेख, लायन लक्ष्मण हिंदूजा, लायन विजय अग्रवाल, लायन एसडी नानकानी, हरजिंदर छाबड़ा, मोहन अग्रवाल, सुरेंद्र पुरी गोस्वामी, आकाश कटारिया, सुरेश गोयल, राजकुमार वर्दयानी समेत अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने पौधे रोपकर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

## खिलेश्वर अध्यक्ष, प्रवीण बने उपाध्यक्ष



**नगरी।** पीएम श्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन हुआ। सर्वसम्मति से खिलेश्वर साहू को अध्यक्ष एवं प्रवीण साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया। विकास बोहरा उपाध्यक्ष एवं चेलेश्वरी साहू, पार्षद नगर पंचायत नगरी को स्थानीय प्राधिकरण सदस्य, आरएल सोनी शिक्षक प्रतिनिधि, डीसी खत्री शिक्षाविद, अशोक संचेती को भूतपूर्व छात्र प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। शैलेंद्र कौशल, लोकेश्वर सिन्हा, भैरवचंद देवांगन, किरण सोनवानी, रवि कुंजाम, ईश्वर नेताम, पवन मंडावी, डाली ताम्रकार, यामिनी साहू, योगेश्वरी साहू, उमाबाई, नीलम शांडिल्य, नैनी ठाकुर, भुनेश्वरी ध्रुव, सोनिया ध्रुव, योगिता दुबे, मिक्की गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। पदाधिकारियों ने विद्यालय के विकास एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## सहकारिता मंत्री से प्रदेश के सहकारी बैंकों के अध्यक्षों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

- सहकारी क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

मंत्रालय महानदी भवन में प्रदेश के सहकारी बैंकों के अध्यक्षों ने सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से भेंटकर सहकारी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में अपेक्स बैंक रायपुर के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, दुर्ग अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, जगदलपुर के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह, सचिव सहकारिता आर. प्रसन्ना, पंजीयक सहकारी संस्थाएं रमेश शर्मा तथा अपेक्स बैंक के महाप्रबंधक युगल किशोर वर्मा उपस्थित रहे।



बैठक में मंत्री केदार कश्यप ने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की सहकार से समृद्धि की अवधारणा के अनुरूप प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पैक्स, दुग्ध, मत्स्य, बुनकर एवं अन्य सहकारी समितियों के कार्य-व्यवसाय को विस्तार देने तथा सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

सहकारी बैंकों के अध्यक्षों ने रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति, समिति कर्मचारियों के विकासखंड के भीतर स्थानांतरण, धान खरीदी के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान, कालातीत ऋणों की वसूली के लिए एकमुश्त समझौता योजना, अनुकंपा नियुक्ति तथा कर्मचारियों के भत्ते और एक्सग्रेशिया भुगतान जैसे लंबित मुद्दे मंत्री के समक्ष रखे।

मंत्री ने इन विषयों पर सकारात्मक पहल कर शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। बैठक में सचिव सहकारिता एवं पंजीयक रमेश शर्मा ने सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता, डिजिटल तकनीक, कंप्यूटरीकरण, प्रभावी मॉनिटरिंग, ग्रामीण जागरूकता अभियान तथा बेहतर विपणन एवं भंडारण व्यवस्था पर विशेष जोर दिया।

HEALTH TOWN


DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### कोर्रा स्कूल में दो छात्राओं को मिली निःशुल्क सरस्वती साइकिल, शिक्षा की राह हुई आसान

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोर्रा में शनिवार को राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की दो पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी नियमित उपस्थिति एवं शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। साइकिल वितरण कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगदीश्वर शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती रानू साहू, सरपंच चोवाराम साहू, प्राचार्य नीलमणि वर्मा सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने, नियमित विद्यालय आने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने शासन की इस योजना को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### 2 महीने से वेतन बंद, आर्थिक संकट से जूझ रहे डेनेक्स कर्मचारी

**दंतेवाड़ा।** कटेकल्याण स्थित डेनेक्स फैक्ट्री के कर्मचारियों ने पिछले दो माह से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण आज जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लंबित वेतन का तत्काल भुगतान कराने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि लगातार दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और अब रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वे नियमित रूप से फैक्ट्री में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन पिछले दो महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। वेतन नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई, इलाज, किराया, बिजली-पानी के बिल, राशन सहित अन्य आवश्यक घरेलू खर्चों का वहन करना कठिन हो गया है। कई कर्मचारियों को उधार लेकर परिवार का पालन-पोषण करना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कर्मा ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए कहा कि मेहनत करने वाले श्रमिकों को समय पर वेतन मिलना उनका मूल अधिकार है। यदि किसी कर्मचारी को महीनों तक वेतन नहीं मिलता है तो इसका सीधा असर उसके पूरे परिवार पर पड़ता है।

### विद्यार्थियों व अभिभावकों ने किया पौधारोपण

**दरभा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सजीवन कुमार कार्यराम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार घोष ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भुवनेश्वर लाल साहू प्रोफेसर, शमक, मोहन नायक, सरपंच सोनधर कश्यप, राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति के अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी तथा तुलाराम कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के प्रयास से आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के मोहन नायक सेवानिवृत्त एसडीओ द्वारा विद्यालय परिसर में रोपण हेतु 60 पौधे एवं उनकी सुरक्षा के लिए 8000 रू का जाली तार उपलब्ध कराया गया।

# धमतरी जिले में ड्रोन तकनीक से खेती को मिल रही नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में कृषि कार्यों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा ड्रोन तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति दोनर (पैक्स ) में उपलब्ध कृषि ड्रोन के माध्यम से ग्राम ढीमरटिकुर के प्रगतिशील कृषक हरनारायण साहू के खेत में कृषि दवाइयों का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर अनेक किसानों ने ड्रोन द्वारा किए जा रहे स्प्रे का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

कृषक हरनारायण साहू के पास लगभग 8 एकड़ कृषि भूमि है। तकनीकी कारणों के चलते ड्रोन के माध्यम से लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में ही कृषि दवाइयों हेक्सागोनजोले एवं जैविक फर्टिलाइजर का सफलतापूर्वक छिड़काव किया जा सका। शेष क्षेत्र में स्प्रे का कार्य तकनीकी समस्या के समाधान के बाद किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान किसानों को ड्रोन की कार्यप्रणाली, संचालन तथा इसके उपयोग से होने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भिरेंद्र साहू, ड्रोन ऑपरेटर पीयूष साहू, कमल तथा कृषक भूषण साहू, खिलेंद्र दीवान, गिरधारी, दुर्जराम एवं कालीराम थे।

## दोनर समिति के ड्रोन से कृषक के खेत में किया गया कृषि दवाइयों का छिड़काव

### समान रूप से दवाइयों का छिड़काव

कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से कम समय में बड़े क्षेत्र में समान रूप से दवाइयों का छिड़काव किया जा सकता है। इससे श्रम और समय की बचत होती है, दवा की मात्रा नियंत्रित रहती है तथा फसलों पर समान रूप से दवा पहुंचने से बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। साथ ही किसानों का रासायनिक दवाइयों के सीधे संपर्क में आना भी कम हो जाता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी जोखिम घटते हैं।



### खेती की लागत कम आयेगी

किसानों ने ड्रोन से किए जा रहे छिड़काव को आधुनिक एवं उपयोगी तकनीक बताते हुए इसकी सराहना की। किसानों ने कहा कि यदि यह सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध हो तो खेती की लागत कम करने, समय पर कृषि कार्य संपन्न करने तथा उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। कई किसानों ने आगामी खरीफ एवं रबी सीजन में भी ड्रोन आधारित कृषि सेवाओं का लाभ लेने की इच्छा व्यक्त की।

प्रथम दिन आयुष्मान योग, सौभाग्य योग और श्रवण नक्षत्र का एक साथ संयोग

# दुर्लभ शुभ संयोग के साथ शुरू हो रहा सावन मास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भगवान शिव को समर्पित पवित्र सावन मास का शुभारंभ 30 जुलाई से दुर्लभ ज्योतिषीय संयोगों के साथ होने जा रहा है। इस बार सावन के प्रथम दिन आयुष्मान योग, सौभाग्य योग और श्रवण नक्षत्र का एक साथ संयोग बनने से शिव आराधना का महत्व कई गुना बढ़ गया है। इस विशेष अवसर को लेकर जिलेभर के शिव मंदिरों में तैयारियां तेज हो गई हैं, वहीं शिवभक्तों में भी उत्साह देखते ही बन रहा है।

ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार तिवारी के अनुसार इस वर्ष सावन मास का आरंभ अत्यंत शुभ संयोगों के साथ हो रहा है। प्रथम दिन बनने वाला आयुष्मान योग उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है, जबकि सौभाग्य योग परिवार में सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन का संकेत देता है। वहीं श्रवण नक्षत्र भगवान शिव की उपासना के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इन योगों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र का जाप, बेलपत्र अर्पण तथा विधि-विधान से पूजा करने पर विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

इधर, बोलबम कांवरियां कल्याण संघ द्वारा भी सावन के चारों सोमवार को भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। प्रथम कांवड़ यात्रा 3 अगस्त को निकलेगी, जबकि दूसरी 10 अगस्त, तीसरी 17 अगस्त और चौथी 24 अगस्त को आयोजित होगी। इन यात्राओं में बड़ी संख्या में शिवभक्त पवित्र जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। प्रशासन और आयोजन समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं शुरू कर दी हैं। धार्मिक नगरी का वातावरण धीरे-धीरे पूरी तरह शिवमय होता नजर आने लगा है और श्रद्धालु सावन मास के स्वागत की तैयारियों में जुट गए हैं।






### भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष कृपा होगी

पंडितों का कहना है कि सावन मास के प्रत्येक सोमवार का अपना अलग धार्मिक महत्व है। श्रद्धापूर्वक व्रत और पूजा करने से भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा प्राप्त होती है। अविवाहित युवतियां योग्य जीवनसाथी की कामना से सावन सोमवार का व्रत रखती हैं, जबकि विवाहित महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य और दांपत्य जीवन की मंगलकामना के लिए भगवान शिव की आराधना करती हैं। इस बार बने दुर्लभ संयोग के कारण श्रद्धालुओं का उत्साह पहले से अधिक बढ़ गया है।

### शिवालयों में तैयारियां तेज, चार सोमवार को निकलेगी कांवड़ यात्रा

सावन मास को लेकर शहर के प्रमुख शिवालयों में विशेष सजावट, साफ-सफाई और धार्मिक आयोजनों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इतवारी बाजार स्थित किले के बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर, शिव चौक के बटुकेश्वर महादेव, रिसाईपारा के नागेश्वर महादेव, बनियापारा के सिद्धेश्वर महाकालेश्वर, मकई चौक के मकेश्वर महादेव तथा हटकेश्वर क्षेत्र के नागेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में पूरे सावन मास के दौरान रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन, शिव महापुराण पाठ, महाआरती और प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# धमतरी में लगेगी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा

- नगर निगम को मिली 30 लाख रुपये की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए नगर निगम को 30 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

महापौर रामू रोहरा ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, शिक्षा और अखंड भारत के संकल्प का प्रतीक है। उनकी प्रतिमा की स्थापना केवल एक स्मारक का निर्माण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा और देशहित के लिए प्रेरित करने का माध्यम बनेगी। धमतरी में डॉ. श्यामा



प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापित होने से शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी। यह स्थान युवाओं के लिए प्रेरणास्थल के रूप में विकसित होगा, जहां वे देश के महान व्यक्तित्व के जीवन, विचारों और योगदान से परिचित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रतिमा स्थापना से संबंधित सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा, ताकि निर्धारित समय में प्रतिमा का अनावरण किया जा सके। महापौर ने कहा कि धमतरी के विकास के साथ-साथ महापुरुषों के सम्मान और उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना भी नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है।

# घनी बस्ती के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन

- सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत मुजगहन के वार्ड क्रमांक 01 (आबादी पारा) में सघन आबादी के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन को जनहित एवं सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग को लेकर सरपंच होमेश्वर साहू एवं जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड क्रमांक 01 की घनी बस्ती के ऊपर से वर्षों से 11 केवी विद्युत लाइन गुजर रही है, जिससे स्थानीय रहवासियों, विशेषकर बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। पूर्व में भी इस संबंध में संबंधित विभाग को आवेदन



दिया जा चुका है, किंतु विभाग द्वारा विद्युत लाइन स्थानांतरण के लिए 3.77 लाख की राशि ग्रामीणों से जमा कराने की बात कही गई, जो ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए संभव नहीं है। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मौके पर सरपंच होमेश्वर साहू, जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल, रोशन गोस्वामी, रमेश साहू, वासुदेव साहू, दोपेश साहू, विचित्र वीर, नागमणि नाग, हितेश साहू मौजूद थे।

# एनके मांझी ने संभाला जपं सीईओ का पदभार

- शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जनपद पंचायत कोंटा से स्थानांतरित होकर आए एनके मांझी ने जनपद पंचायत नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर स्वागत किया।

मीडिया से चर्चा करते हुए श्री मांझी ने कहा कि शासन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जनपद पंचायत नगरी की जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में जिला पंचायत के चुने हुए जनप्रतिनिधियों, जनपद पंचायत नगरी की निर्वाचित जनपद पंचायत बॉडी, क्षेत्र के सभी सरपंचों, जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग से शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नागेंद्र शुक्ला, मोहन नाहटा, रूपेंद्र साहू, जनपद पंचायत सभापति प्रेमलता नागवंशी, पत्रकार गोपी किशन कश्यप, श्रीमती विजियालक्ष्मी कश्यप, कुलदीप साहू, गोलू मांडवी मौजूद रहे।



### विकास कार्यों को मिलेगी गति

श्री मांझी ने आगे कहा कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति दी जाएगी। आम जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करते हुए शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# आज चनागांव में रामचरित मानस होगा



- मानस शक्ति केंद्र कुकरेल की बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

मानस शक्ति केंद्र कुकरेल की बैठक रविवार को अध्यक्ष महेश दास मानिकपुरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गुरु पूर्णिमा, श्रावण मास एवं तुलसी जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। निर्णय लिया गया कि गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 29 जुलाई को ग्राम चनागांव (माड़मसिल्ली) में रामचरित मानस का आयोजन होगा। 2 अगस्त को कांटाकुर्रीडीह में मानस कार्यक्रम होगा। बैठक में संरक्षक ज्वालाप्रसाद मंडावी, आरएस साहू, शिवकुमार साहू, सुरेश दास मानिकपुरी, यश ताम्रकर, परीक्षित तारम, व्यास पडोटी, सचिव रेवतलाल साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, उपाध्यक्ष गंगाराम मरकाम, राधेश्याम मंडावी, मालती पटेल, निर्मला साहू, ईरा बाई नेताम सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने किया। यह जानकारी वीरेंद्र कुमार कुंजाम ने दी।

संत गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर 20 फरवरी 2027 तक चलेगा अभियान

# भाजपा का समरसता संकल्प अभियान आज से, बिलाईमाता मंदिर में 650 दीप जलाएं

**धमतरी।** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 29 जुलाई से 20 फरवरी 2027 तक पूरे देश में समरसता संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसी अभियान की जानकारी देने मंगलवार को गोविंद सारंग भवन स्थित जिला भाजपा कार्यालय में जिलास्तरीय प्रेस वार्ता आयोजित की गई। मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश समरसता टोली सहसंयोजक रंजना साहू थीं।

रंजना साहू ने बताया कि संत गुरु रविदास महाराज किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान संत, समाज सुधारक एवं समरसता के अग्रदूत थे। उन्होंने समानता, आत्मसम्मान और सामाजिक न्याय का संदेश देकर समाज को नई दिशा दी। भाजपा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी अभियान संचालित कर रही है।

उन्होंने बताया कि अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई (गुरु पूर्णिमा) को देशभर में समरसता दीप महोत्सव के साथ होगा। इसी क्रम में बिलाई माता मंदिर में 650वीं जयंती वर्ष के प्रतीक स्वरूप 650 दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही कलश वंदन अभियान, संत संपर्क अभियान, समरसता यात्रा, समरसता संवाद, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। गुरु रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) की पवित्र मिट्टी देशभर में पहुंचाई जाएगी तथा सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। प्रेसवार्ता में जिला महामंत्री राकेश साहू, जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, जिला कार्यालय मंत्री विजय साहू, जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता यादव, मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, मंडल महामंत्री राजीव चंद्राकर सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने दी।



### शासकीय उमावि में शाला प्रबंधन समिति का गठन

**मगरलोड।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में कक्षा 9वी से 12वीं तक अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के पालकों की उपस्थिति में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। पालक सदस्य नरेंद्र कुमार सिन्हा एवं चंद्रहास ध्रुव के द्वारा मोहन लाल चक्रधारी को अध्यक्ष बनाने सर्वसम्मति से सहमति से विद्यालय के एस एम सी के अध्यक्ष बनाया गया। इसी प्रकार देव नंदिनी को समिति के उपाध्यक्ष बनाया गया। समिति के अन्य सदस्य में दीपा ध्रुव, द्रोणी कंवर, दुर्गा साहू, ईश्वरी ध्रुव, मुकेश कुमार दीवान, धनपत राम सोरी, नरेंद्र कुमार, चंद्रहास ध्रुव, विशाखा निषाद, कौशल्या बाई, स्थानीय निर्वाचन समिति से लिलेश सुरेश साहू अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, यादराम गायकवाड पार्षद बने।













